करने वाला श्याम कराने वाला मेरा श्याम है

प्रेम से जो भी मांगे इनसे कोड़ी लगे ना दाम है
करने वाला श्याम कराने वाला मेरा श्याम है

घर घर में बजता है डंका संवारिये के नाम का
सब कुछ मिलता है नाम से इनके नाम बड़ा है काम का
जय श्री श्याम का नारा करता भक्तों का हर काम है
करने वाला श्याम कराने वाला मेरा श्याम है

न जाने कितने भक्तों का इसने है उद्धार किया
मेरी भी नैया को श्याम धनी ने ही है पार किया
तू भी नैया सौंप श्याम का नाव लगे फिर प आर है
करने वाला श्याम कराने वाला मेरा श्याम है

कोई भी हो मुसीबत बस दिल से तुम श्याम को याद करो
आएगा पल भर में सांवरा थोड़ा तुम विश्वास करो
रसिक सँवारे काम तुम्हारे ऐसा मेरा श्याम है

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15954/title/karne-vala-shyam-karane-vala-mera-shyam-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |